हरियाणा में होगा भारत की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण

चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चंडीगढ़ में हुई सीआईआई की नॉर्थ ज़ोन रीजनल काउंसिल की छठी बैठक में बताया कि हरियाणा में अब भारत की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों को सर्वोत्तम पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है और यह कई विश्वस्तरीय बुनियादी ढँचा परियोजनाओं पर काम भी कर रही है।
- उन्होंने बताया कि हाल ही में मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानी), हैदराबाद ने रक्षा और सशस्त्र पुलिस बलों की परिचालन आवश्यकता को पूरा करने के लिये राज्य के रोहतक ज़िले में स्थित आईएमटी में 10 एकड़ में फैली अपनी नई आर्मरिंग यूनिट की स्थापना की है।
- मिधानी उद्योग हरियाणा में अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने वाला पहला रक्षा पीएसयू है, जो सुरक्षा बलों के लिये लगभग सभी प्रकार के बख्तरबंद उत्पादों का उत्पादन करेगा और यह 'भाभा कवच-भारत की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट' का निर्माण करेगा।
- सीआईआई की नार्थ ज़ोन रीजनल काउंसिल की बैठक में उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार गुरुग्राम में एक ग्लोबल सिटी का निर्माण, एक एकीकृत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब नारनौल में, एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर आईएमटी सोहना में और हिसार में इंटीग्रेटेड एविएशन हब की स्थापना कर रही है।
- उल्लेखनीय है कि ईज ऑफ डूइंग बिज़िनेस रैंकिंग-2020 में हरियाणा देश में 'टॉप अचीवर' राज्य है, इस वर्ष राज्य का लक्ष्य ईओडीबी रैंक में शीर्ष स्थान बनाए रखना भी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-lightest-bullet-proof-jacket-will-be-manufactured-in-haryana